web : www.nyaysakshi.com || पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल || पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || email :- nyaysakshi@gmail.com || रायगढ़, गुरूवार 13 दिसम्बर 2018 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-76

## महत्वपूर्ण एवं खास

### पटाखों में विस्फोट होने से सात लोगों की मौत

मेक्सिको सिटी (आरएनएस)। मेक्सिको के एक गिरजाघर की ओर जुलूस निकालते समय मंगलवार को पटाखों में दुर्घटनावश हुए विस्फोट में सात लोगों की मौत हो गई और करीब 50 लोग घायल हो गए। हादसे में मारे गए लोगों में 11 और 12 साल के दो बच्चे भी शामिल हैं। उत्तर-पश्चिम मेक्सिको सिटी से 145 किलोमीटर (90 मील) दूर टेक्सिसुआपन में सैन जोस पैरिश एट्रियम में सुबह के आसपास विस्फोट हुआ। क्रेरेटारो के आपातकाल प्रतिक्रिया अधिकारी गेब्रियल बस्तरराच ने बताया कि इलाके के लोगों ने एक उत्सव में फोड़ने के लिए पटाखे दिए थे लेकिन कुछ अनहोनी हो गई और विस्फोट हो गया। घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है।

### पुलिस पोस्ट पर आतंकी हमला, तीन पुलिसकर्मी शहीद

श्रीनगर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के शोपियां में आतंकवादियों ने एक बार फिर कायराना हरकत को अंजाम दिया है। यहां जैनपोरा में आतंकियों ने एक पुलिस पोस्ट पर हमला कर दिया। इस हमले में तीन पुलिसकर्मी शहीद हो गए हैं।

मिल रही जानकारी के मुताबिक मंगलवार दोपहर आतंकियों ने अचानक यहां पुलिस पोस्ट पर धावा बोल दिया। इसमें तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो गई जबकि एक पुलिसकर्मी घायल बताया जा रहा है। घायल पुलिसकर्मी को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### बचपन के प्रेमी ने की प्रेमिका के पति की हत्या

नई दिल्ली (आरएनएस)। राजधानी दिल्ली के छावला क्षेत्र में मिले क्षत-विक्षत शव की अंततः पहचान हो गई है। युवक का शव खून से लथपथ हालत में शनिवार सुबह मिला था। हमलावरों ने युवक पर 25 से अधिक चाकू से वार किए थे। पुलिस को छावला-बिजवासन रोड पर खेतों के किनारे झाड़ियों में शव पड़ा मिला था। युवक के पास से ऐसी कोई चीज बरामद नहीं हो सकी थी, जिससे उसकी पहचान हो सके।

### गूगल पर 'इडियट' लिखने पर क्यों दिखता है ट्रंप का फोटो

नई दिल्ली। गूगल सीईओ सुंदर पिचई अमेरिकी सांसदों के सवालों के घेरे में आ गए हैं. उनसे सवाल किया गया है कि आखिर गूगल सर्च में 'इडियट' लगने पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीर क्यों दिखाई देती है. सांसदों ने इसके अलावा भी सवाल पूछे हैं. सुंदर पिचई ने बताया कि ऐसा तकनीकी आधार पर हो रहा है. इसमें कोई मानव हस्तक्षेप नहीं है.

### बीजेपी के खिलाफ जो भी सरकार, उसको हमारा समर्थन-अखिलेश यादव

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने विधानसभा चुनाव परिणाम पर प्रतिक्रिया में कहा, हम जनादेश का स्वागत करते हैं, हमने अच्छा प्रदर्शन नहीं किया, लेकिन हम हमारा समर्थन करने के लिए मध्य प्रदेश की जनता को शुक्रिया कहना चाहते हैं, हमने MP में कांग्रेस का समर्थन करने का फैसला किया है, BJP ने नफरत फैलाई है, जनता को धोखा दिया है, इसके लिए उन्हें लोकसभा चुनाव में जवाब मिल जाएगा।

### मायावती का बड़ा बयान, छत्तीसगढ़ में गठबंधन की हार के लिए अजीत जोगी को ठहराया जिम्मेदार

नई दिल्ली। बसपा सुप्रीमो मायावती का बड़ा बयान, छत्तीसगढ़ में गठबंधन की हार के लिए अजीत जोगी को जिम्मेदार ठहराया है।

## कांग्रेस मंत्रिमंडल के संभावित चेहरे

रायपुर (आरएनएस)। मतगणना के परिणाम के अनुसार छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार लगभग बन चुकी है। कांग्रेस की सरकार बनने के साथ कल देर शाम तक मुख्यमंत्री की घोषणा भी कर दी जाएगी। मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण लेने के बाद मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा। जिसमें पुराने चेहरों के साथ महिला एवं कुछ नये युवा चेहरों को शामिल किया जा सकता है।

छग में कांग्रेस की सरकार बनने के साथ अब कांग्रेस में मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल को लेकर कल बुधवार को कांग्रेस के सभी नवनिर्वाचित प्रत्याशियों की बैठक होने जा रही है। यह बैठक प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया की मौजूदगी में राजीव भवन में होगी। इस बैठक में मुख्यमंत्री के नाम पर सहमति बनाकर प्रस्ताव बनाया जाएगा जिस पर अंतिम मुहर राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी लगाएंगे। इस बैठक में शामिल होने सभी नवनिर्वाचित कांग्रेस प्रत्याशियों का




रायपुर आना शुरू हो गया। कल दोपहर तक सभी नवनिर्वाचित प्रत्याशी रायपुर पहुंच जाएंगे।

इधर मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा के बाद शुभ मुहूर्त देखते हुए 13-14 तारीख को मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण समारोह भी आयोजित किये जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री शपथ ग्रहण के बाद मंत्रिमंडल का गठन किया जाएगा, जिसमें कुछ पुराने चेहरों के साथ महिला एवं नये युवा चेहरे भी शामिल किये जा सकते है। चूंकि राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी युवाओं को प्राथमिकता देते है इसलिए मंत्रिमंडल में कुछ युवा चेहरों को भी शामिल करने की संभावना है।

**कांग्रेस मंत्रिमंडल के संभावित चेहरे:**

1. टीएस सिंहदेव
2. डॉ. चरणदास महंत पूर्व मंत्री
3. भूपेश बघेल पूर्व मंत्री
4. मोहम्मद अकबर पूर्व मंत्री
5. रविन्द्र चौबे पूर्व मंत्री
6. अमरजीत भगत
7. कवासी लखमा
8. सत्यनारायण शर्मा पूर्व मंत्री
9. ताम्रध्वज साहू
10. धनेन्द्र साहू पूर्व मंत्री
11. अमितेश शुक्ल पूर्व मंत्री
12. रामपुकार सिंह
13. उमेश पटेल
14. शिव डहरिया

## एमपी, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार, मुख्यमंत्री की रेस में ये नाम हैं शामिल

नई दिल्ली। 2019 लोकसभा चुनाव का सेमीफाइनल कहे जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जबरदस्त जीत हासिल की। कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस ने तीनों राज्य में बीजेपी के हाथ से सत्ता छीनी। छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत के साथ राजस्थान और मध्य प्रदेश में कांग्रेस सबसे बड़ी पार्टी बनी और अब सरकार बनाने जा रही है। लेकिन इस शानदार जीत के बाद भी कांग्रेस में तीनों राज्य में मुख्यमंत्री के नाम को लेकर घमासान मचा हुआ है। आइए जानते हैं कि राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री की रेस में कौन-कौन सा नाम शामिल है।

**मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री की दौड़ में इनमें से किसी नाम पर लग सकती है मुहर**

मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री बनने की दौड़ में सबसे आगे कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम है। छिंदवाड़ा से नौ बार सांसद रह चुके हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी विधानसभा का चुनाव नहीं लड़ा है। कमलनाथ 1980 से लगातार लोकसभा में छिंदवाड़ा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। साल 1997 में पूर्व सीएम सुंदर लाल पटवा ने उन्हें मात दी थी। कमलनाथ 2001 से 2004 तक कांग्रेस पार्टी के महासचिव भी रहे। वहीं, गुना संसदीय सीट से लोकसभा सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया




लोकप्रिय युवा नेता हैं। ज्योतिरादित्य ने 2002 में गुना से भारी अंतर से जीत कर पहली बार संसद पहुंचे थे। 2014 में जब कांग्रेस को 44 सीटें ही मिलीं, तब भी वह लगातार चौथी बार सांसद चुने गए थे। उन्होंने कभी भी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ा है और पहली बार 2008 में केंद्र में मंत्री बने थे। ज्योतिरादित्य सिंधिया ने इस बार मप्र चुनाव में प्रचार की कमान संभाली थी।

**राजस्थान में मुख्यमंत्री की दौड़ में इनमें से किसी नाम पर लग सकती है मुहर**

राजस्थान में वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक गहलोत और राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सचिन पायलट के नाम पर गंभीरता से विचार किया जा सकता है। राजस्थान के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके अशोक गहलोत तीन बार राजस्थान में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं और 1982 में पहली बार इंदिरा गांधी सरकार में मंत्री बने थे। वे 1984 में राजीव गांधी सरकार में भी मंत्री बने और 1991 में पीवी नरसिम्हा राव सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे। 2018 में गहलोत को पार्टी में संगठन महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं, सचिन पायलट 2004 में राजस्थान के दौसा लोकसभा सीट से जीते। 2009 में गठित 15वीं लोकसभा में उन्होंने अजमेर का प्रतिनिधित्व किया था और 2012 से 2014 तक केंद्र में मंत्री भी रहे।

**छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्री की दौड़ में इनमें से किसी नाम पर लग सकती है मुहर**

छत्तीसगढ़ में त्रिभुवनेश्वर शरण सिंह और भूपेश बघेल मुख्यमंत्री के प्रबल दावेदार हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता रहे त्रिभुवनेश्वर शरण सिंह राज्य में टीएस बाबा के नाम से भी लोकप्रिय हैं। टीएस सिंहदेव सरगुजा के राज परिवार से आते हैं और रक्सेल राजवंश के 117वें उत्तराधिकारी हैं। 2008 से ही विधानसभा में अंबिकापुर का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। वे 2013 में चुनाव आयोग में दायर हलफनामे के मुताबिक छत्तीसगढ़ के सबसे अमीर उम्मीदवार थे। वहीं, 1980 के दशक में राजनीति की पारी यूथ कांग्रेस के साथ शुरू करने वाले भूपेश बघेल 2000 में छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने पर पाटन से विधानसभा पहुंचे। 2003 में सत्ता से बाहर होने पर उन्हें विपक्ष का उपनेता बनाया गया। 2014 में उन्हें छत्तीसगढ़ कांग्रेस का अध्यक्ष बनाया गया। वे 1993 से छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के संरक्षक हैं और 2013 में 9343 वोट से भाजपा के विजय बघेल से जीते थे।

## राजधानी की हवा हुई बेहद जहरीली

**बेंजीन और एनओ2 का लेवल बढ़ा**

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश की राष्ट्रीय राजधानी की हवा बेहद जहरीली है। अगर आपके घर में एयर प्यूरीफायर नहीं है और इंडोर पल्यूशन भी है, तब भी बाहर निकलने से अधिक सेफ आप घर पर ही हैं।



एक्सपर्ट्स के अनुसार, दिल्ली की हवा में बेंजीन और नाइट्रोजन डाइऑक्साइड का बढ़ा हुआ स्तर स्वास्थ्य के लिए बड़ा खतरा हैं।

ये पीएम 2.5 से भी कहीं ज्यादा बुरा असर डाल रही हैं। राजधानी दिल्ली के ज्यादातर इलकों में बेंजीन का स्तर 2 से 3 गुना ज्यादा बढ़ है।

बेंजीन की मात्रा सबसे अधिक 14.5, जहांगीरपुरी में 13.6, वजीरपुर में 12.9, अशोक विहार में 16.3, रोहिणी में 9.2, सोनिया विहार में 15.2, पूंठखुर्द में 10.7 एमजीसीएम है। जबकि इसकी तय मात्रा सिर्फ 5 एमजीसीएम है।

## ईडी के छापों पर रॉबर्ट वाड्रा बोले- मेरे खिलाफ आरोप गलत और राजनीति से प्रेरित, मेरे परिसर पर धावा बोला गया, ताले तोड़ दिए गए



नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा मारे गए छापों पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, मैं अपने नाम का इस्तेमाल राजनैतिक ब्लैकमेल के लिए नहीं होने दूंगा, मैंने हमेशा कहा है कि हम सहयोग करेंगे, लेकिन प्रक्रिया निष्पक्ष तथा कानूनी होनी चाहिए. मैं कहीं भाग नहीं रहा हूं, या किसी और देश में जाकर रहने नहीं लगूंगा। प्रवर्तन निदेशालय (ED) द्वारा मारे गए छापों पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा, मेरे खिलाफ लगे आरोप पूरी तरह गलत और राजनीति से प्रेरित हैं, हमने हर नोटिस का जवाब दिया है, लेकिन मेरा परिवार तनाव में है, मां बीमार हैं, मेरे परिसर पर धावा बोला गया, ताले तोड़ दिए गए, सब कुछ कानूनी तरीके से किया जाना चाहिए, हम हमेशा सहयोग करते रहे हैं।

## फेसबुक कार्यालय में बम विस्फोट की धमकी के बाद मचा हड़कंप

**खाली कराया गया कार्यालय**

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के कैलिफोर्निया के मेन्लो पार्क स्थित फेसबुक कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी के बाद कार्यालय को खाली करा लिया गया। पुलिस के हवाले से स्थानीय मीडिया ने यह जानकारी दी है।

एबीसी बे एरिया ब्रॉडकास्टर के अनुसार न्यूयॉर्क पुलिस विभाग को मेन्लो पार्क के 200 जेफरसन ड्राइव स्थित फेसबुक कार्यालय को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद सुरक्षा कड़ी कर दी गयी है। बम धमाके की धमकी के मद्देनज़र फेसबुक के मेनलो पार्क ऑफिस परिसर में एक इमारत को खाली कराया गया है। मंगलवार को शाम पांच बजे मिली इस धमकी के बाद पुलिस इस मामले की जांच में जुटी है। खबर के मुताबिक धमकी न्यूयॉर्क पुलिस डिपार्टमेंट के क्राइम स्टॉपर्स यूनिट को दी गई जिसने वहां के स्थानीय अधिकारियों को एलर्ट भेजा और कार्रवाई शुरू कर दी गई।

बम स्क्वॉड को मौके पर तैनात कर दिया गया है और लोगों को जेफरसन ड्राइव एरिया से दूर रहने को कहा गया है। बता दें कि जेफरसन ड्राइव पर फेसबुक के साथ-साथ इंस्टाग्राम का कार्यालय भी है।

## 10 दिन में कर्ज माफी का वचन पूरा करे कांग्रेस, अब चौकीदारी की जिम्मेदारी मेरी: शिवराज

भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजों में मिली हार के बाद शिवराज सिंह चौहान ने बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस करके कई सवालों के जवाब दिए। शिवराज ने कहा कि हमें उम्मीद है कि कांग्रेस 10 दिन के अंदर अपना कर्ज माफी का वादा पूरा करेगी।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने खुद कहा था कि अगर दस दिन के अंदर कर्ज माफी नहीं होती है तो फिर मुख्यमंत्री को बदल देंगे। उन्होंने कहा कि हमने पिछले 15 साल तक जनता के लिए काम किया। किसानों और गरीबों के लिए दिन रात काम किया।



शिवराज सिंह ने कहा, मैंने कमलनाथ जी को फोन करके बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब चौकीदारी की जिम्मेदारी मेरी है। प्रदेश हित में जहां मेरी जरूरत होगी, वहां साथ खड़ा नजर आउंगा। उन्होंने कहा कि उम्मीद के मुताबिक हमें कामयाबी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि हमें अपेक्षा है कि नई सरकार जनकल्याण योजनाओं को जारी रखेगी। जो हमने प्रोजेक्ट लिए थे, उन्हें पूरा करेगी।

**मध्य प्रदेश में कमलनाथ ने कहा-ऐसे में बहुमत हमारे साथ है**

मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में 114 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी कांग्रेस ने बसपा और सपा का समर्थन मिलने के बाद बुधवार की सुबह प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल के समक्ष सरकार बनाने का दावा पेश किया।

## चीन से आने वाले उपहारों की संख्या सीमित करेगी सरकार!

नई दिल्ली (आरएनएस)। सरकार चीन से डाक द्वारा मंगाए जाने वाले तोहफों की संख्या सीमित करने पर विचार कर रही है। चीन की ई-वाणिज्य कंपनियों द्वारा देश में इस तरह से अधिक संख्या में भेजे जा रहे सामान को लेकर कुछ घरेलू कंपनियों ने अपनी चिंता जाहिर की है।




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच हाल ही में इस मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। एक अधिकारी ने बताया कि हमने इस तरह के उपहारों की संख्या को प्रति व्यक्ति चार उपहार प्रति वर्ष मंगाने की सीमा तय करने का सुझाव दिया है। लेकिन इस पर कोई भी अंतिम निर्णय सीमा शुल्क प्राधिकरण द्वारा लिया जायेगा। अधिकारी ने कहा कि हालांकि, आवश्यक दवाओं पर इस तरह के प्रतिबंध लगाने की सिफारिश नहीं की गई है। विशेषज्ञों के अनुसार चीन की कुछ एप आधारित और ई-वाणिज्य कंपनियां देश के विदेश व्यापार कानून के नियमों का गलत इस्तेमाल कर रही हैं। इस नियम के अनुसार 5,000 रुपये मूल्य तक के उत्पादों को उपहार के तौर पर आयात किया जा सकता है। इस पर सीमाशुल्क से छूट दी गई है।

## 14 से डोर-टु-डोर कैंपेन शुरू करेगी आप

**लोकसभा चुनाव की तैयारी**

नई दिल्ली (आरएनएस)। देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के परिणाम सामने आने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने भी दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। मंगलवार की शाम आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक तथा मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर तमाम पदाधिकारियों की एक मीटिंग बुलाई गई थी। पार्टी के विधायकों, पार्षदों, सांसदों और दिल्ली सरकार के मंत्रियों ने भी इसमें भाग लिया।

मीटिंग में तय किया गया कि पार्टी 14 दिसंबर से दिल्ली में बूथ लेवल पर एक डोर टु डोर कैंपेन शुरू करेगी। पार्टी नेताओं ने कहा है कि परिणामों से स्पष्ट संकेत मिल रहा है कि आप अपने दम पर लोकसभा चुनाव में दिल्ली की सातों सीटों पर बीजेपी को हरा सकती है। हालांकि, दिल्ली में दो या तीन सीटों पर कांग्रेस के साथ गठबंधन की संभावनाओं के सवाल पर पार्टी नेताओं ने अभी अपने पत्ते नहीं खोले हैं। पार्टी ने वैसे तो सातों लोकसभा सीटों पर प्रभारियों के नामों की घोषणा की थी, लेकिन स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के चलते वेस्ट दिल्ली के प्रभारी राजपाल सोलंकी ने इस जिम्मेदारी से खुद को अलग कर लिया था। औपचारिक तौर पर तो पार्टी ने अभी केवल ईस्ट दिल्ली लोकसभा सीट पर ही प्रत्याशी के रूप में वहां की प्रभारी आतिशी के नाम की घोषणा की है। बाकी सीटों के मामले में औपचारिक तौर पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा होना अभी बाकी है। दिल्ली प्रदेश के संयोजक गोपाल राय ने कहा है कि जल्द ही यह घोषणा कर दी जाएगी।

सीएम के घर हुई मीटिंग के बाद गोपाल राय ने कहा कि अब जो लोकसभा चुनाव होने वाले हैं, उसके लिए पार्टी अपने अभियान को कैसे आगे बढ़ाएगी, इसको लेकर मीटिंग में चर्चा हुई।

## कार्यकर्ताओं के कारण कांग्रेस की जीत: राहुल

नई दिल्ली (आरएनएस)। अ. का. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने म.प्र., राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में संपन्न हुए चुनाव में कांग्रेस की जीत पर कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि हमारी तेलंगाना एवं मिजोरम में हार हुई है। जिसे हम सहजता से स्वीकार करते है। तीन प्रमुख राज्यों में कांग्रेस की जीत युवाओं, किसानों एवं छोटे व्यापारियों की जीत है। उन्होंने म.प्र., राजस्थान एवं छत्तीसगढ़ में मुख्यमंत्रियों द्वारा किए गए विकास कार्यों के लिए धन्यवाद दिया।

